**समय :- 3 घंटे** **पूर्णांक (लिखित) = 80 अंक**

**नोट: 1. 05 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं। अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार, अक्षरों की स्पष्टता, अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी, लिखने में एकसारता व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।**

**2. प्रश्न पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे।**

**3. प्रश्न-पत्र में कुल 9 प्रश्न होंगे।**

**4. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।**

**भाग-क (15)**

**प्रश्न 1. बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न :**

(i) 'प्रतीक्षा' शब्द का सन्धिविच्छेद सही विकल्प चुनकर लिखिए: (4x 1= 4)

(क) प्रति + इक्शा (ख) प्रति + ईक्षा (ग) प्रती + शा (घ) प्रती + इच्छा

(ii) 'दुःख' शब्द का पर्यायवाची सही विकल्प चुनकर लिखिए:

(क) व्यथा (ख) विरह (ग) वियोग (घ) निन्दा

(iii) 'कंजूस' शब्द की भाववाचक संज्ञा सही विकल्प चुनकर लिखिए:

(क) कंजूसी (ख) कंबूसी (ग) कनजूस (घ) कनक

(iv) 'सत्य के लिए आग्रह' पद का समास क्या होगा।

(क) अपादान (ख) सम्प्रदान (ग) करण घ) उपरोक्त कोई नहीं

**पाठ्य-पुस्तक से सम्बंधित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (4 x 1 = 4)**

(v) 'दोहावली' पाठ के अनुसार जो व्यक्ति दूसरों की सुःख समृद्धि से ईर्ष्या में जलता है, उसे अपने जीवन में कभी ..................नहीं होता।

(क) मुक्ति (ख) सहजता (घ) दुःख (ग) सुख

(vi) पदावली पाठ के अनुसार संतों की संगति में रहकर मीरा ने कुल की मर्यादा और ............ छोड़ दिया था. .

(क) लोकलाज (ख) संकोच (ग) प्रतिष्ठा (घ) सहजता

(vii) 'दो कलाकार' कहानी में अरूणा किसके बच्चे के लिए परेशान थी ?

(क) रूबी (ख) चित्रा (ग) अलका (घ) फलिया दाई

(viii) 'नर्स' कहानी में मरींडा और मांजरेकर नाम की दो नर्से कितने बजे आई?

(क) आठ बजे (ख) सात बजे (ग) छः बजे (घ) पाँच बजे

**पद्यांश पर आधारित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (4 ×1 = 4 )**

कैंप कँप हिलोर रह जाती-
रे मिलता नहीं किनारा।
बुदबुद् विलीन हो चुपके
पा जाता आशय सारा।

(ix) ' गाता खग' कविता के कवि का नाम लिखें:

(क) निराला (ख) मीराबाई (ग) सुमित्रानन्दन पंत (घ) गुप्त जी

(x) लहरों के टकराने से निकला हुआ पानी का बुलबुला विलीन होकर क्या पाता है ?

(क) शान्ति प्राप्त करता है (ख) नया जीवन (ग) अपने जीवन का उद्देश्य (घ) प्रसन्नता

(xi) 'हिलोर' का क्या अर्थ है ?

(क) बुलबुला (ख) लहर (ग) पानी (घ) पीना



https://hindipunjab.com/pseb-hindi-material-for-2022-23-exam-by-www-hindipunjab-com

(xii) प्रस्तुत पद्यांश का केन्द्रीय भाव स्पष्ट करें।

**मुहावरे व लोकोक्तियों से सम्बंधित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **(3 ×1=3)**

(xiii) 'गले का हार' मुहावरे का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें :

(क) शान्ति (ख) सुन्दर (ग) ललचाना (घ) बहुत प्यारा

(xiv) 'उन्नीस बीस का अन्तर' मुहावरे का सही विकल्प चुनें :

(क) बहुत कम अन्तर (ख) अधिक अन्तर (ग) अनगिनत अन्तर (घ) शून्य अन्तर

(xiv) 'आग लगाकर पानी को दौड़ना' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

(क) झगड़े के बाद भाग जाना। (ख) झगड़े को निपटाने की कोशिश न करना ।

(ग) झगड़ा करवाकर स्वयं ही सुलह करवाने बैठ जाना। (घ) झगड़ा करवाकर धन की इच्छा रखना।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न (15)**

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें :** **(5 x 1 = 5)**

हर देश, जाति और धर्म के महापुरुषों ने 'सादा जीवन और उच्च विचार' के सिद्धांत पर बल दिया है क्योंकि हर समाज में ऐश्वर्यपूर्ण, स्वच्छंद और आडम्बरपूर्ण जीवन जीने वाले लोग अधिक हैं। आज मनुष्य सुख भोग और धन-दौलत के पीछे भाग रहा है। उसकी असीमित इच्छाएँ उसे स्वार्थी बना रही हैं। वह अपने स्वार्थ के सामने दूसरों की सामान्य इच्छा और आवश्यकता तक की परवाह नहीं करता जबकि विचारों की उच्चता में ऐसी शक्ति होती है कि मनुष्य की इच्छाएँ सीमित हो जाती हैं। सादगीपूर्ण जीवन जीने से उसमें संतोष और संयम जैसे अनेक सद्गुण स्वत: ही उत्पन्न हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त इसके जीवन में लोभ, द्वेष और ईर्ष्या का कोई स्थान नहीं रहता। उच्च विचारों से उसका स्वाभिमान भी बढ़ जाता है। जो कि उसके चरित्र की प्रमुख पहचान बन जाता है। इससे वह छल-कपट, प्रमाद और अंहकार से दूर रहता है। किन्तु आज की इस भाग-दौड़ वाली जिंदगी में प्रत्येक व्यक्ति की यही लालसा रहती है कि उसकी जिंदगी ऐशो-आराम से भरी हो । वास्तव में आज के वातावरण में मानव पश्चिमी सभ्यता, फैशन और भौतिक सुख साधनों से भ्रमित होकर उनमें संलिप्त होता जा रहा है। ऐसे में मानवता की रक्षा केवल सादा जीवन और उच्च विचार रखने वाले महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही की जा सकती है।

**उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(i) हर देश, जाति, धर्म के महापुरुषों ने किस सिद्धान्त पर बल दिया है ?

(ii) अपने स्वार्थ के सामने मनुष्य को किस चीज की परवाह नहीं रहती ?

(iii) सादगीपूर्ण जीवन जीने से मनुष्य में कौन-कौन से गुण उत्पन्न हो जाते हैं ?

(iv) 'लालसा' शब्द का अर्थ लिखिए।

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए:** **(6 × 1 = 6)**

(vi) 'जो शरण में आया हो' का अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द 'शरणम' होगा। (सही या गलत)

(vii) 'गुण' शब्द का विलोम शब्द 'अवगुण' होगा (सही या गलत)

(viii) 'बच्चे को काटकर सेब खिलाओ' का शुद्ध वाक्य 'सेब खिलाओ काटकर बच्चे को' होगा। (सही या गलत)

(ix) 'चमक' शब्द का निम्नलिखित में से सही विशेषण शब्द 'चमकना' होगा। (सही या गलत)

(x) 'जो स्वयं सेवा करता हो' अनेक शब्दों के लिए एक शब्द 'सेवक' होगा। (सही या गलत)

(xi) समरूपी भिन्नार्थक नीयत अवलम्ब में अविलम्ब का अर्थ सहारा और अविलम्ब का अर्थ निश्चित होता है।
(सही है या गलत)

**पाठ्य-पुस्तक से सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** **( 4 x 1 = 4 )**

(xii) श्री गुरु नानक देव जी की पत्नी का नाम क्या था ?



https://hindipunjab.com/pseb-hindi-material-for-2022-23-exam-by-www-hindipunjab-com

(xiii) 'देश के दुश्मन' एकांकी में कितने अफसर मारे गए थे?

(xiv) 'श्री गुरु नानक देव जी' निबन्ध के अनुसार गुरु नानक देव जी ने सन् 1499 ई. में किसी नदी में स्नान किया था? वह कौन-सी नदी थी ?

(xv) 'सूखी डाली' एकांकी में बेला का मायका कहाँ था?

**भाग ख (पाठ्य-पुस्तक में से अन्य प्रश्न) (18)**

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए: ( 3 x 2 = 6 )**

1. 'दो कलाकार' कहानी में चित्रा की होस्टल से विदाई के समय अरूणा क्यों नहीं पहुंच सकी?
2. 'अशिक्षित का हृदय' कहानी का उद्देश्य क्या है ?
3. 'सदाचार का तावीज़' में राजा ने भ्रष्टाचार की तुलना ईश्वर से क्यों की ?
4. साधुओं की संगति में रहकर गुरु नानक देव जी ने कौन-कौन से ज्ञान प्राप्त किए ?
5. 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव ईनाम से मिलने वाली राशि के विषय में क्या घोषणा करवाना चाहता है?

**निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह-सात पंक्तियों में दीजिए: ( 3 ×4=12)**

1. 'दो कलाकार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।
2. कहानी 'नर्स' का उद्देश्य अपने शब्दों में दीजिए।
3. 'मैं और मेरा देश' निबन्ध में लेखक ने देश के नागरिकों को चुनाव में किन बातों की ओर ध्यान देने के लिए कहा है?
4. 'सूखी डाली' एकांकी में मँझली बहू के चरित्र की कौन सी विशेषता इस एकांकी में सबसे अधिक दृष्टिगोचर होती है?
5. जयदेव को तस्करों से क्या समाचार मिला था ?

**भाग- ग (4)**

**4. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।**

ਸਾਡੇ ਸਕੂਲ ਦਾ ਸਲਾਨਾ ਸਮਾਗਮ ਬੜੀ ਧੂਮਧਾਮ ਨਾਲ ਮਨਾਇਆ ਗਿਆ। ਸਾਰੇ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਹੀ ਸੁੰਦਰ ਢੰਗ ਨਾਲ ਸਜਾਇਆ ਗਿਆ। ਸਕੂਲ ਦੇ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਨੇ ਸਕੂਲ ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਪੜ੍ਹੀ। ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਨੇ ਸਿੱਖਿਆ ਦੇ ਖੇਤਰ ' ਵਿੱਚ ਸਾਡੇ ਸਕੂਲ ਦੇ ਯੋਗਦਾਨ ਦੀ ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ ਕੀਤੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਸਾਲ ਹਰ ਜਮਾਤ ਵਿੱਚੋਂ ਪਹਿਲੇ ਤਿੰਨ ਸਥਾਨ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਇਨਾਮ ਵੰਡੇ।

**भाग घ (4)**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए:**

आपका नाम गुरदीप सिंह है। आप की सैक्टर 10 करनाल में एक दस मरले की कोठी है। आप इसे बेचना चाहते हैं। आपका मोबाईल नम्बर 1235768549 है जिस पर कोठी खरीदने के इच्छुक आपसे सम्पर्क कर सकते हैं। वर्गीकृत विज्ञापन के अर्न्तगत "कोठी बिकाऊ है" का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

अथवा

आपका नाम दीपक कुमार है। आपके विद्यालय यमुना नगर के दसवीं कक्षा के विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण के लिए 15 अक्तूबर 20...... को रॉक गार्डन देखने चंडीगढ़ जा रहे हैं। आप स्कूल के छात्र संघ के सचिव हैं। आप अपनी ओर से इस सम्बन्ध में एक सूचना तैयार करें।

**भाग - ङ ( रचनात्मक लेखन) (14)**

6. मान लो आपका नाम रंजना है। आप सरकारी सीनियर सैकण्डरी स्कूल में दसवीं कक्षा की विद्यार्थी हैं। अपने प्रधानाचार्य को अपना विषय बदलने के लिए पत्र लिखिए। (7)

अथवा

अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल के आफिस से अधिक खेलों का सामान मँगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन पत्र लिखिए। (7)

7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:

(क) प्रकृति का वरदान पेड़-पौधे



https://hindipunjab.com/pseb-hindi-material-for-2022-23-exam-by-www-hindipunjab-com

(ख) एक आदर्श विद्यार्थी

(ग) भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध

**भाग - च (प्रपत्र पूर्ति )(5)**

8. निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर पुस्तिका पर उतार कर भरें- मान लीजिए आपका नाम पीयूष गोयल है। आपका सिन्ध बैंक भरतपुर में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 67767 है। आपने अपने इस खाते में 18,000 रुपये जमा करवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें. -

सिन्ध बैंक, भरतपुर

बचत बैंक, आहरण पत्र

जमा बचत खाता नं०.................................................................. जो कि श्री .............................................
....................................... के नाम से है, मैं रुपए ............................................... (राशि शब्दों में) जमा करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर ..............................

अथवा

मान लीजिए आपका नाम सुरेंदर सिंह है। आपका डाकघर अमृतसर में एक बचत खाता है जिसका नम्बर 47536677 है। आपको अपने खाते में से 5,000 रु० निकलवाने हैं। इस अनुसार प्रपत्र भरें।

रुपये निकलवाने का फार्म ( जमाकर्त्ता द्वारा भरा जाए) डाकघर का नाम अमृतसर

खाता नं० ...................................

कृपया मुझे ...................................... (राशि शब्दों में) ...........................................................................
रु० (शब्दों में) का भुगतान करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर ......................................

9. सुन्दर लिखाई । (5)



https://hindipunjab.com/pseb-hindi-material-for-2022-23-exam-by-www-hindipunjab-com